**खबर संक्षेप**

### एएफसी इंडिया लिमिटेड द्वारा पीकेवीवाई परियोजना के तहत ग्रामीण रोजगार व सतत कृषि को बढ़ावा

**मण्डला।** एएफसी इंडिया लिमिटेड, देश की एक अग्रणी सेवा प्रदाता एजेंसी के रूप में, परम्परागत कृषि विकास योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए लगातार उल्लेखनीय प्रयास कर रही है। कंपनी ने मण्डला, डिंडोरी, उमरिया और जबलपुर जिलों में परियोजना गतिविधियों को गति देने के लिए कुशल कार्मिकों की तैनाती की है। परियोजना के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर पर संसाधन संसा व्यक्तियों को भी जोड़ा गया है, जिससे ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं और परियोजना की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित हुई है। इन संसाधन व्यक्तियों के माध्यम से एफपीओ लिंकजेस तथा पीजीएस-इंडिया आधारित प्रमाणन गतिविधियाँ सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं। अब तक लगभग 5000 किसान इस योजना से सीधे लाभान्वित हुए हैं। किसानों ने बताया कि एएफसी इंडिया लिमिटेड द्वारा संगठित प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और विपणन सहायता से से उनकी खेती की लागत में कमी आई है तथा उत्पाद की गुणवत्ता और आय में सुधार हुआ है। स्थानीय किसानों द्वारा बताया गया की एएफसी इंडिया लिमिटेड के प्रयासों से हमें प्राकृतिक खेती और जैविक प्रमाणन के बारे में गहन जानकारी मिली है। एएफसी इंडिया लिमिटेड के परियोजना प्रभारी उमेश सोनी ने बताया कि किसानों को संगठित कर एफपीओ से जोड़ा गया है, ताकि वे सामूहिक विपणन, प्रमाणन और आय बढ़ाने वाले कृषि उपायों का लाभ ले सकें। कंपनी ने यह भी सुनिश्चित किया है कि परियोजना के हर चरण में किसानों की सक्रिय भागीदारी और पारदर्शिता बनी रहे। यह पहल केंद्र और राज्य सरकार के जैविक खेती को बढ़ावा देने के लक्ष्य के अनुरूप हे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### मैचुअल वापसी के नाम पर एक माह में ही पूर्ववत की गई पदस्थापना

# सहायक वार्डनों के स्थानांतरण पर सवाल

*** जिला शिक्षा केन्द्र में नियमों की उड़ रही धज्जियाँ।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला शिक्षा केंद्र मंडला के अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावासों में सहायक वार्डनों के हालिया स्थानांतरणों को लेकर गंभीर अनियमितताएं उजागर हो रही हैं। राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल के स्पष्ट निर्देश क्रमांक राशिके/एस.जी.यू./2024/3667 दिनांक 07 अगस्त 2024 के अनुसार, उन्हीं सहायक वार्डनों का स्थानांतरण किया जाना था, जो एक ही छात्रावास में 5 वर्षों से अधिक समय से पदस्थ हैं। इसी के अनुपालन में जिला शिक्षा केन्द्र, समग्र शिक्षा अभियान मण्डला के पत्र क्रमांक/एस एस ए/बा.शि./2025/553 दिनांक 25/04/2025 जिला नियुक्ति समिति की सहमति से लगभग 13 छात्रावासों के सहायक वार्डनों का स्थानांतरण किया गया था।

हालांकि, चौंकाने वाली बात यह है कि मात्र एक माह के भीतर ही मैचुअल ट्रांसफर के नाम पर अधिकांश सहायक वार्डनों को फिर से उन्हीं पुराने छात्रावासों में वापस पदस्थ कर दिया गया, जहाँ से उन्हें हटाया गया था।

#### निर्देशों का खुला उल्लंघन, सांठगांठ की आशंका

उदाहरण स्वरूप, बीजाडांडी विकासखंड के पोड़ी नागरार कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की सहायक वार्डन को लुहारी (निवास विकासखंड) भेजा गया था और लुहारी कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की सहायक वार्डन को पोड़ी नागरार । लेकिन एक माह के भीतर ही दोनों को पुनः उनके पूर्व पदस्थ छात्रावासों में भेज दिया गया। यह स्थिति न केवल राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों की अवहेलना है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती है।

इसी तरह, नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास खलौड़ी का मामला भी पुनः चर्चा में है। कुछ शिकायतों के बाद यहां पदस्थ सहायक वार्डन श्रीमती नीता आर्सिया का स्थानांतरण आरौली किया गया, जिसे तर्कसंगत माना गया। किंतु जिला शिक्षा केन्द्र, समग्र शिक्षा अभियान मण्डला के पत्र क्रमांक/एस एस ए/बा.शि./2025/1208 दिनांक 16/09/2025 को आरौली की सहायक वार्डन श्रीमती दीक्षा विश्वकर्मा को खलौड़ी न भेजकर, मंडला विकासखंड के उसी छात्रावास जारगी में पदस्थ कर दिया गया जहाँ वे पूर्व में लगभग 8-10 वर्षों तक पदस्थ रह चुकी थीं। यह निर्णय भी संदेह के घेरे में है। वहीं इसी आदेश से जारगी छात्रावास की सहायक वार्डन सुश्री अंजू मरावी को खलौड़ी भेजा गया, जबकि उनका स्थानांतरण 5 माह पूर्व ही किया गया था।

#### जिला प्रशासन को अंधेरे में रखने के आरोप

इन सभी घटनाक्रमों में सबसे अहम सवाल यह है कि जब स्थानांतरण आदेशों में कलेक्टर की स्वीकृति आवश्यक बताई गई है, तो क्या कलेक्टर को स्थानांतरण प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई थी, या उन्हें गुमराह किया गया?

जनता और शिक्षाविदों के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि कहीं इन स्थानांतरणों के पीछे राजनीतिक हस्तक्षेप या आर्थिक लेन-देन जैसे गंभीर कारण तो नहीं हैं?

#### जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग

इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों, छात्रावासों के स्टाफ और सामाजिक संगठनों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। जनसमुदाय की ओर से जिला प्रशासन से निम्नलिखित मांगें की जा रही हैं पूरे स्थानांतरण प्रकरण की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। सभी सहायक वार्डनों को निर्देशानुसार अन्य छात्रावासों में पदस्थ किया जाए, न कि मनमाफिक पूर्ववर्ती स्थानों पर।

जनता का स्पष्ट कहना है कि यदि इस प्रकार की मनमानी और मिलीभगत भरी व्यवस्थाएं चलती रहीं, तो खलौड़ी जैसे मामलों की पुनरावृत्ति होती रहेगी और शासन के निर्देश मात्र कागजी साबित होंगे।



#### *इनका कहना है -*

*मुझे यह अवगत कराना है कि जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा किसी महत्वपूर्ण जानकारी या निर्णय की सूचना मुझे नहीं दी गई, जबकि मैं जिला पंचायत मंडला का उपाध्यक्ष एवं स्थाई शिक्षा समिति का अध्यक्ष होने के साथ-साथ नियुक्ति समिति मे भी हूँ। यह स्थिति न केवल शासकीय नियमों के विरुद्ध है, बल्कि समिति की कार्यप्रणाली की पारदर्शिता एवं सहभागिता को भी प्रभावित करती है। समिति के अध्यक्ष होने के नाते किसी भी प्रकार की जानकारी से मुझे वंचित रखना अत्यंत आपत्तिजनक एवं अनुचित है।*

*मैं इस विषय को आगामी बैठक में गंभीरता से उठाऊंगा और संबंधित उत्तरदायियों से स्पष्टीकरण की मांग की जाएगी।*

***(इंजी. कमलेश तेकाम)***
***उपाध्यक्ष, जिला पंचायत मंडला अध्यक्ष, शिक्षा समिति जिला पंचायत मंडला***

# जिले की होनहार बेटी कुमारी एलिसा



*** घर पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लेखराम सिंगौर पिता राकेश सिंगौर एवं माता श्रीमती सविता सिंगौर ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग पीएससी परीक्षा 2024 में कुल 830 अंक अर्जित कर वाणिज्य कर निरीक्षक वाणिज्य कर अधिकारी पद पर चयन पाकर पूरे जिले और समाज का नाम रोशन किया है।

इंदौर से मंडला प्रथम आगमन पर एलिसा का जोरदार स्वागत किया गया। घर पहुँचने पर दादी श्रीमती इंद्रा बाई सिंगौर, नाना श्री युवराज चंद्रौल, नानी श्रीमती मनोरमा चंद्रौल, मामा प्रकाश चंद्रौल, मामा-दादा दिलीप एवं भागवत सिंगौर, छोटे भाई अंशुमन, बहन अदिति, बड़े पापा मुकेश सिंगौर व उनका परिवार, फूफा श्री दिलीप चंद्रौल, सुदर्शन पटेल सहित सभी परिजनों ने फूल-मालाओं एवं ढोल.नगाड़ों से उनका अभिनंदन किया।

स्वागत अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के अध्यक्ष राजेश क्षत्रि, सेवानिवृत्त प्राचार्य अखिलेश चंद्रावल तथा सेवानिवृत्त वन विभाग एसडीओ आरके हरदहा भी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने एलिसा को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

इसी क्रम में शासकीय कन्या हाई स्कूल पड़ाव, मंडला की कक्षा 10वीं की छात्राओं ने भी एलिसा के घर पहुँचकर उनका सम्मान किया और उनके करियर अनुभव को जाना। एलिसा ने उन्हें प्रेरित करते हुए कहा।
निरंतर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। आप सभी भी लक्ष्य तय कर मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी।

साथ ही शासकीय कन्या हाई स्कूल पड़ाव, मंडला की प्राचार्य श्रीमती विभा सिहारे, मनीष कुमार श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ ने भी एलिसा के घर पहुँचकर उनका सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

इस अवसर पर एलिसा की मम्मी श्रीमती सविता सिंगौर ने भावुक होकर कहा बेटी की मेहनत और लगन ने आज हमारे सपनों को साकार किया है। यह क्षण हमारे लिए अविस्मरणीय है।

पूरे समाज व रिश्तेदारों ने इसे परिवार ही नहीं बल्कि मंडला जिले का गौरव बताया।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छताए स्वास्थ्य और रक्तदान शिविरों का आयोजन

**मण्डला।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को भारतीय जनता पार्टी ने श्सेवा पखवाड़ाश के रूप में जिलेभर में सेवा कार्यों के साथ मनाया। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में विभिन्न मंडलों में स्वच्छता अभियानए स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान कार्यक्रम आयोजित हुए। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जायेगा। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय में सुबह से ही कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने शहीद स्मारकों परिसर में सफाई अभियान चलाया और शहीद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसी क्रम में बिछिया मंडल में स्वास्थ्य शिविर लगाया गयाए जिसका शुभारंभ मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को जन.जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी को स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित किया। सेवा पखवाड़ा के तहत जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में भाजपा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्री जायसवाल ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि रक्तदान महादान हैए यह समाज के लिए सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की सेवा भावना की सराहना की और सभी से ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़.चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही माननीय मोदी जी के 75वें जन्मदिवस पर 75 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। वहीं बड़ी खैरी सिद्व टेकरी में नमोवन अंतर्गत जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवालए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्राए जिला उपाध्यक्ष जयदत्त झाएजिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम के साथ भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर वृक्षों को संवारने का संदेश दिया।

## जिला प्रशासन के नवाचार को उत्कृष्ट विद्यालय बिछिया ने भी किया आत्मसात



**भुआबिछिया।** मंडला जिले में द वाटर बेल के रूप में जिला प्रशासन का नवाचार अब फलित होने लगा है। एक महीने पहले शुरू हुई इस अभिनव पहल की छात्र-छात्राओं में वाटर इनटेक को नियमितता प्रदान करने में प्रभाव दिखाई देने लगा है। जिले में 8 अगस्त को पीएचई मंत्री श्रीमति संपतिया उईके ने घंटी बजाकर इस नवाचार की शुरूआत की थी। मण्डला के बिछिया नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 2 में स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने इसे शिद्दत से अपनाया है। इस नवाचार का उद्देश्य बच्चों में पर्याप्त पानी पीने की आदत डालना हैं। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमति अरुणा दीक्षित ने इस प्रोजेक्ट के महत्व को समझा और इसे लागू करने के लिए पूरा प्रयास किया। उन्होंने प्रार्थना सभा में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को इस पहल के बारे में बताया और समझाया कि कैसे उन्हें हाइड्रेटेड रहना है जो उनके स्वास्थ्य और एकाग्रता के लिए ज़रूरी है। इस प्रोजेक्ट के तहत स्कूल में कालखंड के समाप्त होने की घंटी बजने के साथ ही ए कक्षा में उपस्थित शिक्षक विद्यार्थियों को पानी पीने की याद दिलाते हैं। शिक्षक खुद भी शिक्षार्थियों के साथ पानी पीते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं । शिक्षक.शिक्षिकाओं की लगन और प्रेरणा ने धीरे.धीरे इस गतिविधि को एक आदत में बदल दिया। अब यह पीरियड वॉटर बेल छात्राओं की दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बन रही हैएइससे न केवल उनका शरीर हाइड्रेटेड रहता हैए वरन अध्ययन में एकाग्रता भी बढ़ रही है। अब धीरे धीरे सभी विद्यार्थी नियमित रूप से पानी की बॉटल लाते हैंए बल्कि तय समय पर पानी पीने की आदत भी विकसित कर चुके हैं। इस पहल का सकारात्मक प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर दिख रहा है। विद्यार्थी अब पहले की तुलना से ज्यादा ऊर्जावान महसूस करते हैं और उनकी एकाग्रता में भी सुधार आया है।

**अनदेखी** | **प्रभारों के दबाव के चलते नींद की आगोश में खण्ड शिक्षा अधिकारी।**

# चहेतों को दिये जा रहे एक से ज्यादा प्रभार

*** दोहरे-तिहरे प्रभारों में उलझा प्रशासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले की प्रशासनिक व्यवस्था इन दिनों सवालों के घेरे में है। अधिकारियों को एक साथ दोहरे-तेहरे प्रभार सौंपने की परिपाटी न केवल कार्यकुशलता पर असर डाल रही है, बल्कि जिम्मेदारियों से पलायन का भी संकेत दे रही है। इसी क्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अवदेश दुबे का एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें वे कार्यालय में कुर्सी पर सोते नजर आ रहे हैं। यह फोटो अब केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरी शैक्षणिक व्यवस्था की निष्क्रियता और ढिलाई का प्रतीक बन गई है।

बताया जा रहा है कि बीईओ अवदेश दुबे के पास तीन-तीन शासकीय संस्थाओं का प्रभार है – जिनमें अमर शहीद गिरजेश कुमार उद्दे शासकीय हाईस्कूल बीजाडांडी, शासकीय हाईस्कूल जमठार सहित अन्य विद्यालय शामिल हैं। इतना ही नहीं, वे नियमित रूप से जबलपुर से अपडाउन करते हैं, जिससे कार्यक्षमता और उपस्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।



#### शिक्षक भी अब ड्यूटी से बेपरवाह

स्थानीय अभिभावकों और शिक्षकों की मानें तो बीईओ की कार्यशैली अब बाकी शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए मिसाल बन गई है—नकारात्मक रूप में। कई शिक्षक भी अब दुबे साहब की तरह जबलपुर या अन्य जिलों से अपडाउन करने लगे हैं। नतीजा ये है कि अधिकतर स्कूलों में शिक्षक समय पर नहीं पहुंचते और जल्दी चले जाते हैं। इसका सीधा असर छात्रों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। बीजाडांडी विकासखंड के कई शासकीय स्कूलों में परीक्षा परिणाम लगातार गिरते जा रहे हैं, विशेष रूप से जमठार हाईस्कूल और बीजाडांडी हाईस्कूल में।

#### वायरल फोटो ने खोली पोल

वायरल हो रही फोटो में साफ देखा जा सकता है कि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुर्सी पर नींद में लीन हैं, वहीं आसपास मौजूद कर्मचारी कार्य में लगे हैं। यह दृश्य शासन की निष्क्रियता और लापरवाही की पोल खोलने के लिए काफी है। ऐसे में प्रश्न उठता है—यदि शीर्ष अधिकारी ही अपने कर्तव्यों को लेकर इतने उदासीन हैं, तो अधीनस्थ कर्मचारियों से क्या अपेक्षा की जा सकती है?

#### विपक्ष भी मौन – आखिर क्यों?

जिम्मेदार विभागों की चुप्पी तो समझ में आती है, लेकिन विपक्ष की खामोशी और अधिक चिंताजनक है। जो विपक्ष खुद को जनता की आवाज़ बताता है, वह इन गंभीर मुद्दों पर चुप्पी साधे क्यों बैठा है? क्या अब सत्ता और विपक्ष दोनों ही इस ₹नींद वाले तंत्र₹ के हिस्सेदार बन चुके हैं?

#### कब जागेगा प्रशासन?

अभिभावकों की ओर से बीईओ को तत्काल हटाने की मांग की जा रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाली पीढ़ी शिक्षा से वंचित रह जाएगी। सवाल अब सीधा और स्पष्ट है —क्या दोहरे-तेहरे प्रभार देकर अधिकारियों को थकाकर लापरवाह बनाना प्रशासन की नीति है? क्या यह पूरी व्यवस्था कुछ ख़ास लोगों के हित साधने का माध्यम मात्र बनकर रह गई है? और सबसे जरूरी – क्या शिक्षा विभाग की आंखें तब खुलेंगी जब भविष्य पूरी तरह अंधकारमय हो जाएगा?

## नहीं खुलता ग्राम भीमा का आंगनबाड़ी केंद्र

*** जब बच्चे ही नहीं आते तो कहा जाता है पोषण आहार।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

जनपद पंचायत बिछिया की ग्राम पंचायत भीमा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र भीमा जुलाई 2025 से अभी तक के समय सीमा में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुला है और ना ही छोटे-छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी में किसी शासकीय कर्मचारी आंगनवाड़ी, कार्यकर्ता, सहायिका के द्वारा नहीं लाया जाता है और ना ही उनके लिए जो व्यवस्था है पोषण आहार की वो भी नहीं दिया जाता है वहीं गर्भ धात्री महिलाओं को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के नहीं होने से ग्राम में सही जानकारी नहीं मिल पाती जिससे उन्हें बहुत परेशानी होती है ग्राम पंचायत भीमा की सरपंच रामकुमारी सैयाम ओम नरेश सैयाम किशोर यादव ने बताया की ग्राम की आंगन बाड़ी केंद्र की स्थिति बोहोत खराब है आंगनबाड़ी केंद्र भीमा में घोर लापरवाही चल रही है समय में नहीं खोला जाता कई दिन बंद रहता है आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं लाया जाता है और छोटे बच्चों को मिट्ठे मिल्क भी नहीं दिया जाता है सप्ताह में एक दो बार खुलता है जिसमें कोई बच्चों को पता ही नहीं चलता कब खुला और कब बंद हो गया धात्री महिलाओं को पोशक आहार नहीं दिया जाता है ओर न उन्हें जानकारी दी जाती आखिर उन धात्री महिलाओं के नाम से आने वाला आहार कहा जाता है जो शासकीय योजना द्वारा धात्री एवं छोटे बच्चों के लिए खाद्य सामग्री दिया जाता है वह आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा वितरण नहीं किया जाता है आशा कार्यकर्ता ग्राम पंचायत भीमा में जो आशा कार्यकर्ता उनके द्वारा कार्य में बहुत लापरवाही कि जाती है कि गांव से बाहर रहती है जिसमें की डिलीवरी के समय में यहां वहां भटकना पड़ता है जैसे सही जानकारी नहीं होने से या आशा उषा द्वारा कोई प्रकार से सहयोग नहीं दिया जाता है आशा उषा तथा आंगनबाड़ी द्वारा परिवार नियोजन योजना से कई लोगो वंचित रह जाते हैं सही समय में जानकारी इन्हें नहीं दी जाती आशा कार्यकर्ता दूसरे गांव भीमा से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी में निवासरत हैं जिससे गांव की धात्री महिलाओ को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है।

#### *इनका कहना है:-*

*मुझे अभी जानकारी मिली है में शीघ्र ग्राम भीमा केंद्र की जानकारी लेता हूं और कही कोई गलत है तो उसकी जांच की जाएगी।*

***विनोद कुमार वाहने***
***परियोजना अधिकारी***

## खबर संक्षेप

### शहर की शक्कर नदी में पितृपक्ष के दौरान, पुरखों को जल तर्पण करते हुये लिया जा रहा है आशीर्वाद

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्नानदान पूर्णिमा से शुरू हुये पितृ पक्ष के चलते शहर की शक्कर नदी सहित माँ नर्मदाजी के तटों से लेकर गांव गांव नदियों में लोगों द्वारा प्रतिदिन सुबह से ही अपने पूर्वजों को जल तर्पण श्रद्वा के साथ अपने पितरों की शांति के लिए श्राद के कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। इसी के चलते शहर की शक्कर नदी में प्रतिदिन सुबह बड़ी संख्या में में लोग पहुंचकर विद्यवान पंडितों के मार्ग दर्शन में द्वारा हिन्दू संस्कृति सहित मंत्रोच्चारण करते हुए लोगों से उनके पितरों को जल आर्पित कराते हुए उन्हे पितरों का आशीर्वाद दिला रहे है जिसके चलते लोग अपने पूर्वजों को याद करते हुये जल तर्पण कर रहे है। ज्ञात हो कि मनुष्य पर आजीवन देव, ऋषि, पितरों का ऋण रहता है जिसे चुकाना भारत के धर्मशास्त्रों के अनुसार अनिवार्य है। इन ऋणों से मुक्ति के लिए हिन्दू धर्म में सोलह श्राद्व करने का विधान भी है, जिसका पालन समर्पित भावना से सनातन हिन्दू धर्म को मानने वाला हर व्यक्ति करता है। इस प्रकार श्राद्व और तर्पण करने से पितरों को तृप्ति मिलती है। पूरे विधि विधान से अपने पितरों को तर्पण करने से एवं श्राद्व से व्यक्ति को पितृ दोष मुक्त होते है तथा अनेक प्रकार के कष्टों से निजात मिलती है। इसी के चलते इस समय चल रहे पितृपक्ष के दौरान सोलह श्राद्व पितृ पक्ष में मांगलिक कार्यो पर विराम लगने के दौरान लोग अपने पितरों की याद में खोये हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर बड़ी संख्या में ग्राम के लोग ऊमर नदी पहुंच कर नदी में स्नान करने के उपरांत पंडितों के मंत्रोंच्चारण के बीच सुबह कुशा, दूध, पानी, तिल, फूल के साथ पितरों को जल तर्पण करते हुये उन्हें याद किया जा रहा है, पितृ पक्ष को लेकर विद्वमान पंडितों ने जानकारी देते हुए बताया है कि पितृ दोष व्यक्ति का जीवन पूरी तरह तबाह कर सकता है। ऐसे व्यक्ति के हर काम में बाधा आती है और पारिवारिक जीवन में खुशी की कमी होती है और वह परेशानियों से घिरा रहता है, जिसके चलते हिन्दू धर्म के मुताबिक सभी को अपने पूर्वजो को याद किया जाता है।

### सरकारी बैकों में दलालों का राज, ग्रामीणों का नही होता बगैर पैसों का काज

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण कस्बे में निवास करने वाले किसानों के लिए अनेक प्रकार की योजनाए चलाई जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से किसान क्रिडिट कार्ड, फसल बीमा योजना आदि शामिल है, किसानों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखाएं खोली गई है, मगर अक्सर देखा जाता है कि इन बैंकों में बैठे अधिकारियों की मनमानी के चलते किसानों को शासन की योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा है, इसका उदाहरण इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंक में आसानी से देखा जा सकता है, जिसको लेकर क्षेत्र के किसानों द्वारा आरोप लगाते हुए बताया है कि इन बैंकों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के किसान बैंक के चक्कर लगाने पर मजबूर हो रहे है? क्षेत्र के कुछ किसानों ने हमारी हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए बताया किइन दिनो क्षेत्र की बैंकों में कुछ दलाल काम कराने की दिशा में सक्रिय है, वही किसान अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिये परेशान होते देखे जा रहे है, जिसमे क्षेत्र के कुछ ग्रामीण किसान जो कि खेती किसानी कर अपनी जीविका चलाते आ रहे है।

वाहनों में नियम विरुद्ध लगे लाईट बन रहे सड़क दुर्घटनाओं का कारण ...

# शहर के अंदर तेज गति से दौड़ रही कार की टक्कर से पांच फिट दूर उछलकर गिरा बैल, कार पहुंची नाली में

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा









शाम होते ही शहर के अंदर जिस तरह दो पहिया वाहनों से लेकर चार पहिया वाहनों की धमाचौकड़ी पर अंकुश लगाने में प्रशासन की असफलता का परिणाम है कि शाम के शहर की सड़को पर आमजन का निकलना मुश्किल हो जाता है। इस समय देखा जा रहा है कि पानी टंकी क्षेत्र हो या फिर शहर के अन्य भागों में दो पहिया चालक एक गाड़ी पर तीन तीन लोग बैठकर जिस गति से हुडदंग लीला मचाते हुये देखे जाते है उसके चलते सभ्य लोगों सड़को पर निकलना मुश्किल हो जाती है। कुछ इसी प्रकार का हाल चार पहिया गाड़ियों का भी देखने मिलता है। नगर के रेल्वे स्टेशन के समीप चीचली गेट के पास जमाने वाली महफिल से गुरूपों के रूप में दो पहिया व चार पहिया वाहन चालको की देर रात घर लौटने की हुडदंग लीला कू चलते जहां नगरवासी परेशान होते हुये देखे जा रहे है। हाल यह बना हुआ है कि वह दो व चार पहिया वाहन जहां बेलगाम गति से अपने वाहनों को सड़क के अंदर सड़को पर दौड़ाने के साथ साथ चिल्लाते हुये झुंड के झुंड बनाकर जब निकलते है तो दहशत को महौल बनने से नही चूक पाता है। इस तरह शाम होते हुये शहर की सड़को पर जिस तरह तेज गति से दो व चार पहिया वाहनों की धमाचौकड़ी शुरू होते है वह देर रात तक चलते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है। हाल यह बना हुआ है कि रात के समय लोग अपने घरों से निकलने में अपने आपको असुरक्षित महूसस करने से नही चूक रहे है। हुडदंग लीला मचाने वालों के वाहनों की गति इस तरह से रहती है कि यदि उनके सामने कोई पड़ जावे तो उसकी जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पायेगी..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये बुधवार की रात नगर के पलोटन गंज से पानी टंकी की ओर आने वाले मार्ग यानि की शासकीय कन्या नवीन के सामने उस समय देखने मिली जब तेज गति से भागते हुये आ रही एक कार ने सड़क से जा रहे बैल को इस प्रकार से टक्कर मारी की बैल घटना स्थल से लगभग पांच फिट दूर उछल गया। वही कार पास की नाली में समाने से नही चूक पाई। इस सच्चाई को देखकर कार की गति का अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है जब एक मूक पशु इस तरह पांच फिट दूर उछला कर पहुंचा यदि कोई व्यक्ति या फिर बाइक चालक इस कार के सामने पड़ता तो उसकी क्या स्थिति होती..? इस घटना में बैल को गंभीर रूप से चोटे पहुंचने के चलते घायल बैल चलने फिरने में असमर्थ हो चुका है। इस तरह शहर के अंदर लगातार घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं को दूसरा प्रमुख कारण यह भी है कि लोगों द्वारा अपने वाहनों में जिस प्रकार से नियम विरूद्व अतिरिक्त एलईडी लाईट लगाये गये है उसके चलते हाल यह बना हुआ है कि यदि रात के समय इन वाहनों के सामने कोई व्यक्ति आ जाता है तो उसकी आंखों पर लाईट पड़ते ही सामने कुछ दिखाई नही देता है जिसके चलते वह जहां का तहां खड़ा रहता है और दुर्घटना का शिकार बनने से नही चूक पाता है। इसी प्रकार की सच्चाई दो दिन पहले पानी टंकी व पलोटन गंज के बीच एक मोटर साईकिल व आटों के बीच हुई टक्कर के दौरान देखने मिल चुकी है। मोटर साईकिल चालक ने बताया कि जब वह पलोटन गंज के ओर जा रहा था और सामने से आ रहे आटों में तेज रोशनी वाले अतिरिक्त रूप में लगे हुये एलईडी लाईटों के चलते उसे कुछ नही दिख रहा था जिसके चलते उसने अपनी गाड़ी को वही रोक ली और आटों चालक ने सामने से टक्कर मारते हुये घायल कर दिया गया। इस तरह लोगों द्वारा अपने वाहनों में शोक के लिये नियम विरूद्व लगाये गये अतिरिक्त लाईट आमजनता के साथ साथ पशुओं के लिये भी खतरा बनने से नही चूक रहे है। इस तरह अतिरिक्त लाईटों की भरमार करने में रात के समय दौड़ने वाले आटों में सबसे अधिक देखी जा रही है। हाल यह बना हुआ है कि एक आटों में आधा आधा दर्जन लाईट लगे हुये है जो प्रतिदिन रात के समय शहर की सड़को से लेकर पुलिस थाने के सामने से गुजरने से नही चूकते है। मगर इसके बाद भी इनके खिलाफ किसी भी प्रकार से कोई कार्यवाही न होने से इनके हौसले बुलंद होते चले जा रहे है। यह बात अलग है कि कुछ माह पहले उप पुलिस अधीक्षक द्वारा इस तरह अतिरिक्त लाईटों वाले आटों के खिलाफ कार्यवाही शुरू की गई थी जिससे कुछ हद तक अंकुश लगते हुये दिखाई देने लगा था। मगर इसके बाद कार्यवाही में शिथलता होने के चलते इनके हौसले पुनः बुलंदियों में नजर आने लगे है।



## दुर्गा उत्सव की तैयारियों को लेकर तहसील सभागार में आयोजित हुये शांति समिति की बैठक

पंचमी से वाहनों पर रहेगा पूर्ण रूप से प्रतिबंध

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** आने वाले सोमवार यानि की 22 सितम्बर से शुरू हो रहे नवरात्र को लेकर जहां माँ भवानी की आराधना करने के लिये लोगों में उत्साह देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर दुर्गा समितियों द्वारा जहां पंडाल बनाने की तैयारियां की जा रही है। इस बार देखा जा रहा है कि सभी प्रकार से प्रतिबंधों से मुक्त पड़ रही नवरात्र के इस पर्व को लेकर प्रशासन की भूमिका सख्त नजर आने से नही चूक रही है । इसी के चलते अधिकारियों द्वारा बीते हुये गुरूवार को स्थानीय तहसील कार्यल्य के सभागार कक्ष में शांति समिति की बैठक का आयोजन करते हुये जरूरी दिश निर्देश दिये गये है। नवरात्र त्यौहार की व्यवस्थाओं को लेकर संपन्न हुई इस बैठक में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावति ब्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक, तहसीलदार प्रियंका नेताम, बिजली विभगा के अधिकारी ओझा, लोक निर्माण विभाग से अजीत पटैल, नगर पालिका से जयंत ब्राऊन के आलवा समाज सेवी रविशेखर जायसवाल, मिनेन्द्र डागा, राजेश जैन, समाज सेवी शैलेन्द्र जैन सहित नगर के गणमान्य लोग व दुर्गा समितियों के सदस्यों की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई। प्रशासन द्वारा नवरात्र के आयोजन को लेकर पूर्व में बनाई गई रूपरेखा से अवगत कराते हुये उन्ही मुद्दो पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया। नगर में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं के लिये तैयार किये जाने वाले पंडाल इस तरह से लगाये जावे जिससे भगवान न करे की इस तरह की स्थिति बने जिसमें फायर विग्रेड मशीन को शहर के अंदर ले जाने में परेशान होना पड़े। वही दूसरी ओर सभी दुर्गा समितिया बिजली विभाग से अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करे। वही दूसरी ओर रात के समय देवी दर्शन करने के लिये उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुये नवरात्र की पंचमी से रात 8 बजे से शहर के अंदर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी जावेगी। वही व्यवस्था बनाने के लिये जहां मुख्य स्थानों पर पुलिस बल के साथ साथ नगर सुरक्षा समिति के लोगों को तैनात किया जावेगा उसमें दुर्गा समितियों के लोगा भी पुलिस की मदद के लिये तैनात रहेगें। वही दूसरी ओर हर वर्ष देखा जाता है कि जब दुर्गा दर्शन के लिये सड़को पर भीड़ रहती है तो कुछ तत्वों द्वारा पुग्गी लेकर भीड़ के बीच सामूहिक रूप से तेज आवाज में उतपात मचाते है। इस तरह के लोगों पर विशेष नजर रखी जावेगी। वही सुबह के समय देवी मंदिरों में जल ढारने के लिये जाने वाली महिलाओं की सुरक्षा के लिये सुबह से ही पुलिस की गस्त रहेगी। जिन मार्गो पर बिजली लाईने नीचे है उन्हें बिजली विभाग द्वारा सुधार करते हुये ऊंचा किया जावेगा। वही दूसरी ओर नगर में जहां तहां फैले हुये अतिक्रमण को हटाने के मुहिम शनिवार यानि की कल से शुरू करने का भरोसा दिया गया है। वही दूसरी ओर प्रशासन के अधिकारियों ने सभी दुर्गा समितियों से अपेक्षा जताते हुये कहा कि वह पर्यावरण की रक्षा के लिये प्रसाद या भण्डारे के दौरान प्लास्टिक के डिस्पोजल का उपयोग न करते हुये पत्ता से बने हुये दोना पत्तल का उपयोग करे। वही देवी प्रतिमाओं का विसर्जन यदि एक साथ मिलकर करे तो निश्चित ही यह चल समारोह नगर के लिये एक मिशाल बन जावेगा। यदि यह संभव नही है तो दो दिन के अंदर सभी दुर्गा समिति के लोग अपने अपनी प्रतिमाओं का विजर्सन करे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा नगर में साफ सफाई की व्यवस्था विशेष तौर से कराई जावेगी। इसी प्रकार से उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा भी कहा कि दुर्गा समितियों से अपेक्षा है कि वह अपने पंडालों में बिजली लाईनों का उपयोग बिजली विभाग से कनेक्शन लेकर ही करे तथा लाईनों का रख रखाब अच्छे से करे जिससे करेन्ट न फैल सके। इस तरह नवरात्र के दौरान शांति प्रदान करने के लिये शांति समिति की बैठक लेते हुये अनेक निर्णय लिये गये है। मगर अब देखना है कि यह निर्णय पूर्ण होते है फिर अखबारों की सुर्खिया बनकर रह जावेगे यह तो आने वाला नवरात्र पर्व के समय ही बता चल पायेगा...?

## सांसद ने तहसील सभाकक्ष में सांसद खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिये बैठक, अधिक से अधिक पंजीयन कराने के दिये निर्देश



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र के सांसद दर्शन सिँह चौधरी ने बीते हुये दिवस सांसद खेल महोत्सव 2025 के संदर्भ में स्थानीय तहसील सभाकक्ष में अधिकारियो एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की बैठक ली गई। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने कहा कि इस खेल स्पर्धा में युवाओं को अपनी- अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसम्बर तक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता ग्रामीण स्तर से शुरू होकर ब्लॉक, विधानसभा और जिले में लोकसभा स्तर पर आयोजित की जाएगी। खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, खो-खो, रस्सा कसी इत्यादि जैसे खेलों को शामिल किया गया है। इस खेल प्रतियोगिता में नागरिकों के साथ-साथ स्कूली बच्चे भी शामिल होंगे। बैठक में नपा अध्यक्ष शिवांकात मिश्रा, पूर्व विधायक साधना स्थापक, नरेश पाठक, मिनेन्द्र डागा, मोहरकांत पटेल, जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटैल, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा सहित एसडीएम श्रीमति कलावती ब्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेताम, एसडीओपी रत्नेश मिश्रा, सांईखेडा ब्लाक शिक्षा अधिकारी सीमा डोंगरे, चीचली नीलम मरावी के आलवा महिला बाल विकास अधिकारी उमा बर्मन सहित विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।बैठक में सांसद सिंह ने कहा कि भारत देश में वर्ष आने वाले समय में ओलंपिक खेलों का आयोजन करना प्रस्तावित है। जिसकी तैयारियां प्रारंभ की जा रही है। इस दौरान उन्होंने सांसद खेल प्रतियोगिता 2025 के तहत अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम श्रीमती ब्यारे ने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिता 2025 के तहत ग्रामीण स्तर से खेल प्रतियोगिताओं का प्रारंभ किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में बच्चे और नागरिक दोनों शामिल होंगे। सांसद खेल प्रतियोगिता 2025 के लिए पंजीयन प्रारंभ है। सभी इस आयोजन का व्यापक प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक पंजीयन कराये।

### एक राय होकर की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम गरहा निवासी आनंद पिता मनोहर लाल सिलावट उम्र 20 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव में एक दुकान के सामने अपने चचरे भाई आशुष सिलावट के साथ खड़ा हुआ था उसी दौरान गांव को राजेश ठाकुर आया ओर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो राजेश द्वारा लोहे की राड से मारपीट की गई। इसके बाद भूरा ठाकुर, अजय ठाकुर भी आ गये और उन लोगों ने भी लाठी तथा ईट पत्थर से एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## श्री साई श्रद्धा समिति की अनोखी पहल, निःशुल्क अंग्रेजी कोचिंग क्लास का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



समाज सेवा में सदा ही शहर में अग्रेणी रहने वाली समाजसेवी संगठन श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति को सेवा कार्य करते हुए 15 वर्ष पूर्ण हो चुके है। बताया जाता है कि इस संस्था अपने नए नए सेवा कार्यों के लिए अपनी एक अलग ही पहचान बनाई गई है। इसी क्रम में विगत दिवस निःशुल्क अंग्रेजी कोचिंग क्लास की सेवा प्रारंभ की गई। समिति संरक्षक कुशलेंद्र श्रीवास्तव, पूर्व प्राचार्य राजेश बरसैंया तथा सेवा समिति के संस्थापक आशीष राय, अध्यक्ष प्रदीप ब्रिजपुरिया की उपस्थिति में निः शुल्क अंग्रेजी कोचिंग क्लास का शुभारंभ ग्लोबल टच एकेडमी में किया गया। इस समिति की शिक्षा इकाई प्रमुख नवीन चौबे के मार्गदर्शन में यह कोचिंग क्लास संचालित होगी। जिसमें गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली शासकीय स्कूल की कक्षा 10वीं और 12वीं की छात्राएं निःशुल्क प्रवेश ले सकती है। इस कोचिंग क्लास को दो बैच में चलाई जाएगी। वही इसके लिये अभिभावकों की स्वीकृति के साथ साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, मार्कशीट एवं एक फोटो जमाकर इस कोचिंग में निःशुल्क प्रवेश लिया जा सकता है। इस तरह श्री सांई श्रद्वा समिति की अनोखी पहल को लेकर लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। इस निःशुल्क कोचिंग क्लास के शुभारंभ मौके पर समिति के सदस्याओं के साथ साथ अनेक लोग मौजूद थें।

### कार से कट मारने की बात पर हुआ विवाद

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के विवेकानंद वार्ड शनि मंदिर के पास निवास करने वाले एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने दोस्त बबलू केवट की कार से अपने दोस्त अनुराग विश्वकर्मा के साथ रिलायंस पेट्रोल पंप जा रहा था तो उसी दौरान हेमंत विश्वकर्मा मिला और प्रार्थी से बोला की तू ने मुझे कार से कट क्यो मारा है इसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा काली देने से मना किया तो मारपीट करने लगा। जब प्रार्थी को दोस्त अनुराग बीच बचाव करने के लिये आया तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## असुरक्षित स्टेशन पर बढ़ी समस्याए, देर रात तक रहता है असामाजिक तत्वों का बोलबाला




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** आये दिन जिस प्रकार से रेल पुलिस द्वारा चोरों व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले वाहरी आरोपियों को पकड़ते हुए जिस प्रकार से अखबरों की सुर्खियों में छाने का प्रयास किया जाता है। मगर रेल पुलिस की इस सफलता पर प्रश्न चिन्ह उस समय देखने से नही बच पाता है जब नगर की रेल्वे स्टेशन पर फैली हुई अव्यवस्थाओं के बीच रेल यात्रियों को दहशत में देखा जाता है। ज्ञात हो कि यहां के रेल्वे स्टेशन से शहर सहित दो से अधिक विकास खंडों के दायरे में आने वाले लगभग 200 गांवों से से लेकर दूसरे यानि की रायसेन जिले के यात्री भी यही से रेल यात्रा करने के लिए पहुंचते है। इस प्रकार से सैंकड़ों यात्री प्रतिदिन अपने कारोबार के सिलसिले में जबलपुर सहित अन्य स्थानों में अपडाऊन करते हैं। बावजूद इसके रेल यात्रियों को स्टेशन पर बहुत कम सुविधाएँ मिलते हुए देखी जा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इन रेल यात्रियों की सुरक्षा पूर्णरूप से भगवान भरोसे ही चल रही है। क्योंकि रेल्वे पुलिस प्रशासन द्वारा गंभीरता से ध्यान न देने की स्थिति में नगर के रेल्वे स्टेशन की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि रात के समय प्लेट फार्म पर खुलेआम आसामाजिक तत्वों को भ्रमण करते हुए देखा जाता है जो आये दिन रात के समय प्लेट फार्म पर बैठी हुई या फिर ट्रेनों का इंतजार करने वाले मुसाफिर खाने में सो रही महिलाओं के साथ अभद्रता करने से भी नही चूकते है। वही कभी कभी तो स्थिति इस प्रककार से भी देखी जाती है कि चंद मिनिटों के अंदर रेल यात्रियों का समान पार होने से भी नही चूकता है। इस प्रकार से रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पूर्णरूप से भगवान भरोसे होने के कारण रेल यात्री लगातार दहशत में दिखाई दे रहे है। वही बताया जाता है कि अप और डाऊन प्लेटफार्मों की बाउन्ड्री बाल टूटने से स्टेशन पर असामाजिक तत्वों की कारगुजारियाँ के चलते रात के समय महिलाओं का यहां पर रूक पाना मुश्किल जान पड़ रहा है वे अपने आप को असुरक्षा का भी अहसास करते हुए देखी जा रही है। यदि रेल पुलिस की बात की जावे तो कभी काल ही यहां पर आन डियूटी पुलिस कर्मी नजर आते है? यह बात जरूर है कि रेल पुलिस कर्मी आन डियूटी के प्लेट लगाकर स्टेशन की जगह शहर की गलियों में जरूर नजर आते है, जिसके चलते रेल डियूटी चार्ट में तो रेलवे स्टेशन की सुरक्षा दिखाई देती है मगर हकीकत कुछ और ही बनी हुई है।



नवरात्र की तैयारियों में जुटी दुर्गा समितियाँ तो कलाकार दे रहे मातारानी को स्वरूप

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित तौर से देखा जावे तो शारदेय नवरात्र के लिये चंद दिन शेष रहने के कारण जहां नगर में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं को लेकर दुर्गा समितियों द्वारा अभी से अपने अपने पंडाल बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई तो दूसरी ओर प्रतिमाओं का निर्माण करने वाले कलाकारों द्वारा भी माता रानी के लिये सुन्दर रूप देने के लिये दिन रात काम करते हुये देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि नगर में जहां 50 से 60 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना होती है तो दूसरी ओर आसपास के गांवों के लिये भी गाडरवारा में निर्मित होने वाली प्रतिमाये ले जाते हुये उनकी स्थापना की जाती है। इसी के चलते दुर्गा प्रतिमाओं का निर्माण करने वाले कलाकारों द्वारा एक माह पहले से ही इनका निर्माण कार्य शुय कर दिया जाता है जिसके चलते समय पर समितियों को उपलब्ध कराया जा सके।

## फुटपाथ पर सज रही दुकानों से प्रभावित हो रही यातायात व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि स्थानीय झंडा चौक से लेकर सब्जी मंडी तक एवं झंडा चौके से लेकर पुरानी पुलिस चौकी तक सड़कों कें किनारे बने फुटपाथ पर दुकानें सजना आम होता जा रहा है। इन मार्गो में सड़क के किनारे का भाग सज रही सब्जी, फल सहित अन्य प्रकार की सामग्री विक्रय होने वाली दुकानों के चलते अतिक्रमण की चपेट में आ रहा है। ज्ञातव्य हो कि इस समय त्यौहारी सीजन होने के चलते दुकानदारों में ग्राहकों को लुभाने की होड़ सी लगी हुई है। जिस कारण वे अपनी दुकानों को बाहर की ओर लगाना पसंद कर रहे है। दुकानदारों की बिक्री की जाने वाली समग्री फुटपाथ पर सजने लगी है। नगर के ह्रदय स्थल झंडा चौक, शिवालय चौक, श्याम टाकीज रोड जाने वाले मार्ग, पानी टंकी शासकीय चिकित्सालय वाला मार्ग के बाद अब गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाले कामती मार्ग यानि की स्टैट हाईवे पर सब्जी का नया बाजार सज चुका है। इस तरह दुकानों के सामनें रखी जाने वाली सामग्रियों रोड पर रखना आम रिवाज बन चुका है। क्योंकि दुकानदार अपनी दुकान को अलग अलग दिखाने की



चाहत में दुकान के अंदर रखी हुई सामग्रियों को बाहर निकाल कर रख रहे है। ताकि उपभोक्ता आकर्षित होकर सामग्री को क्रय कर सके, इस तरह बाहर रखी हुई सामग्रियां जहां एक ओर ग्राहकों कों आकर्षित अवश्य कर रही है। वही सड़कों पर यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रही है। वही दूसरी ओर कुछ हाथ ठेलों पर सामन बेचने वाले जिसमें प्रमुख रूप से फल विक्रेताओं द्वारा पूर्णरूप से मुख्य सड़क पर अपना कब्जा जमा लिया गया है। यह मार्ग नगर का सबसे व्यस्तम क्षेत्र होने के साथ साथ नगर का मुख्य सड़क मार्ग भी है। इस तरह की आवो हवा में राहगीरों को गुजरने में कठिनाईयों के साथ मार्ग को तय करना पड़ रहा है। वर्तमान परिवेश में जहां वाहनों में वेतहाशा वृद्धि हुई है व नगर में दौड रहे दो पाहिया वाहन चार पाहिया वाहनो में इजाफा होने के साथ साथ इस सड़क पर पैदल चलने वाले राहगीरों को चलने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हाल यह है कि पैदल चलने वालों के लिए भी इस व्यस्तम सड़क मार्ग पर चलना दूभर हो रहा है। इस अव्यवस्था कें चलते पैदल चलने वाले लोगो को हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दुकान संचालकों की मनमानी से वाहनो से सड़क पर निकालने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है दुकानों के सामने रखा हुआ सामान दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है..? नगर के इस भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र पर छुट पुट बारदातें सामने आती रहती है वही शाम के वक्त यहां के हालत और भी बत्तर हो जाते है, जिस कारण शाम के समय सडकों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। वही दुकानदारों की मनमानी के चलते सामने रखी समग्रियां वाहनों को निकलने मे परेशानी पेदा कर रहा है। यदि समय रहते नगर की सड़कों पर दिनों दिन बढ़ रही अतिक्रमण पर रोक नही लगी तो सड़के दुकानों में तब्दील हो जावेगी जिसके चलते लोगों का सड़को पर निकलना मुश्किल होने से नही चूकेगा।

## सीतारेवा नदी पुल के गड्डों से निकल रही लोहे की राड दे रही बड़ी दुर्घटना का आमंत्रण

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** अक्सर देखा जाता है कि प्रशासन में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा जिस तरह सच्चाई को नजर अंदाज किया जाता है वह निश्चित तौर से एक बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पता है? वही जब कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है तो बाद में जिम्मेदार नेताओं से लेकर अधिकारियों द्वारा उस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुये अपनी कुंभकर्णीर निंद्रा को भंग करते हुये उसके सुधार को लेकर प्रयास करना शुरू करते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के समीप सीतारेवा नदी पर बना हुआ पुल जो क्षेत्र के एनटीपीसी



पावर प्लांट से लेकर अन्य गांवों को चीचली से जोड़ता है और इस पुल के ऊपर से प्रतिदिन दर्जनों गांवों के हजारों लोगों का चीचली



आना जाना होता है। बताया जाता है कि इस पुल के ऊपर निकले हुये गड्डो से इस समय लोहे की राडे निकलते हुये एक बड़ी घटना की ओर संकेत देते हुये देखे जाने के बाद भी उनके सुधार को लेकर न तो प्रशासन द्वारा कोई कदम उठाना उचित समझा जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा इस ओर ध्यान दिया जा रहा है इस तरह इस पुल की अनदेखी किसी दिन बड़ी घटना का कारण बनने से चूकने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। जबकि देखा जावे तो इस पुल से जहां प्रतिदिन अधिकारियों से लेकर जिम्मेदारों को निकलते हुये देखा जाता है जो अपने वाहनों से इन गड्डो के बीच से सावधानी पूर्वक निकलकर चले जाते है।

**खबर संक्षेप**

## डिंडौरी पुलिस की कार्यवाही, स्थाई वारन्टी गिरफ्तार

**डिण्डोरी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा एवं अनु. अधि. (पुलिस) सतीश द्विवेदी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे के नेतृत्व में 18/09/ 2025 को विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के प्रकरण क्रमांक 1630 /20 धारा 294,323,506,34 आई पी सी के स्थाई वारन्टी पूरन सिंह पिता चंद्र सिंह सैयाम उम्र 34वर्ष, निवासी ग्राम खजरी थाना डिण्डोरी को गिरफ्तार किया गया इस कार्यवाही में थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे , सहायक उप निरीक्षक शेख सिराज एवं आरक्षक विनोद माहौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राष्ट्रीय पोषण माह 2025 अंतर्गत बीएमआई/ ऊँचाई-वजन मापन कार्यक्रम का आयोजन



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" थीम पर मोटापे की पहचान एवं बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई)/ऊँचाई-वजन मापन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा नागरिकों का ऊँचाई एवं वजन मापा गया तथा बॉडी मास इंडेक्स की गणना कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बीएमआई स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण संकेतक है, जिससे यह ज्ञात होता है कि व्यक्ति का वजन उसकी लंबाई के अनुपात में संतुलित है या नहीं। साथ ही, यह मोटापा, कुपोषण एवं विभिन्न बीमारियों के जोखिम का आकलन करने में सहायक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, किशोरियों एवं आमजन की सहभागिता रही। सभी ने पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रयपुरा में छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित



**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रयपुरा में कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए यह योजना उनके लिए अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है। पूर्व में छात्र-छात्राओं को विद्यालय तक पहुँचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था, जिससे समय की बर्बादी के साथ ही थकान के कारण पढ़ाई पर भी असर पड़ता था। अब शासन की इस योजना से विद्यार्थियों को साइकिल उपलब्ध होने से विद्यालय आना-जाना आसान होगा और वे समय पर कक्षाओं में पहुँच सकेंगे। साइकिल वितरण कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य सुमन पांडे, संतोष ठाकुर, मीना साहू, सत्यवती, देवेंद्र सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह यादव, संतोष कुमार प्रजापति, रितु मिश्रा, महादेव तेकाम, के.के. झारिया, गगन हरिनखेडे, जिला उपाध्यक्ष संतोष साहू, मानिकपुर मंडल अध्यक्ष गोलू हीरेंद्र सिंह मरावी, मंडल उपाध्यक्ष फूलचंद झारिया, संतोषी विश्वकर्मा, दयाल मरावी, उत्तमचंद असाटी, झनक लाल झारिया, राधेश्याम साहू, मोहन झारिया, पप्पू प्रदीप झारिया, निखिल झारिया सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने व्यक्त किया आभार साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें स्कूल जाने में आसानी होगी और वे पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे सकेंगी। अभिभावकों ने भी शासन और विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार जताया।

### वन परिक्षेत्र डिंडोरी कार्यालय परिसर में हुई सफाई व सौंदर्यीकरण की पहल

# सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत चला "मेरा परिसर मेरा अभियान" कार्यक्रम

वन मंडल डिंडोरी (सामान्य) अंतर्गत वन परिक्षेत्र डिंडोरी में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत "मेरा परिसर मेरा अभियान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डिंडोरी।



यह अभियान 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक वन मंडल अधिकारी पुनीत सोनकर एवं उपवन मंडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह जाटव के निर्देशन में संचालित किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत वन परिक्षेत्र कार्यालय डिंडोरी के प्रांगण तथा कार्यालय मार्ग के दोनों ओर की साफ-सफाई की गई। कचरा, सूखे पत्ते, प्लास्टिक, कागज के टुकड़े आदि को खरेटा और झाड़ू की सहायता से एकत्र कर डस्टबिन में डाला गया। इसके साथ ही परिसर में लगे पौधों की छंटाई और कटिंग का कार्य भी किया गया। अभियान की प्रगति को दर्शाने के लिए सफाई से पूर्व और पश्चात की फोटोग्राफ्स भी ली गईं।

इस स्वच्छता अभियान में वन परिक्षेत्र अधिकारी अतुल सिंह बघेल, वनपाल शिव भजनलाल गोप, शिव कुमार सांडिया, उदयभान मरावी, ईश्वर सिंह परस्ते, वनरक्षक शोभित राम बनवासी, अमृत सिंह, प्रमोद परस्ते, भागचंद कश्यप, सुनील कोरी, गीता पेंद्रो, अनीता धुर्वे, पुन्नू लाल धुर्वे, अरुण सिंह ठाकुर, आलोक यादव, टेक सिंह धुर्वे, उदय सिंह धुर्वे, जसवंत घोषी, धर्मेंद्र गोड़, राजेश परते, खुशबू मरावी, संध्या परस्ते, निशा पटटा, प्रमोद दुबे (स्थायी कर्मचारी) सहित समस्त कार्यालयीन कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कार्यस्थल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना रहा।

## सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत शहपुरा में हुए विविध आयोजन

**शहपुरा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पूरे देश में दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत जगह-जगह विधिक अधिकार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र शहपुरा में भी सेवा के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए प्रातः काल क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के नेतृत्व में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम नगर के रानी दुर्गावती स्टेडियम ग्राउंड में सभी ने मिलकर वृहद स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया सफाई कर्मियों के साथ मिलकर सफाई की क्षेत्रीय विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने शहपुरा विधानसभा क्षेत्र की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर शुभकामनाएं संदेश दिया साथी स्वच्छ नगर के लिए सभी की सहभागिता की आवाहन किया

### सशक्त नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम हुआ आयोजित

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर आयोजित सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा सहित समस्त उप स्वास्थ्य केदो में भी सशक्त नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य की विशेष जांच कीगई सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए उक्त कार्यक्रमों के दौरान मंडल अध्यक्ष भाजपा अधिवक्ता भजन चक्रवर्ती जनपद पंचायत शहपुरा की अध्यक्ष प्रियंका आर्मो नगर पंचायत शहपुरा की अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल नगर पंचायत शहपुरा के उपाध्यक्ष मुकेश साहू अधिवक्ता ज्ञानदीप त्रिपाठी डॉ श्वेता जैन पार्षद हरीश साहू राजकुमारी रजक सुरेंद्र साहू अनूप गुप्ता अरुण अग्रवाल विष्णु अवधिया नितिन गुप्ता अरविंद रजक मुकेश गुप्ता राजेश साहू राम जी गुप्ता संतोष अवधिया सहित स्वच्छता कर्मचारी नगर परिषद की कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



# दिलीप पाठक दौड़ में प्रथम, आशीष और नान सिंह का राष्ट्रीय स्तर की टीम में चयन

## अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में डिंडोरी वन अमले का शानदार प्रदर्शन

डिंडोरी।



28वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में डिंडोरी जिले के वन अमले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर दिलीप पाठक, आशीष मरावी और नान सिंह मरावी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली वन प्रतियोगिताओं के लिए किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वनमंडल अधिकारी (सामान्य) पुनीत सोनकर, वनमंडल अधिकारी (उत्पादन) भारती ठाकरे और उपवनमंडल अधिकारी सुरेंद्र जाटव के मार्गदर्शन में वनपाल दिलीप पाठक ने 100 मीटर दौड़, लंबी कूद और ट्रिपल जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिला है। इसी तरह, वनपाल आशीष मरावी और कार्यवाहक वनपाल नान सिंह मरावी का चयन राष्ट्रीय वन क्रिकेट टीम में किया गया है। इसके अलावा, नितिन मार्को ने 100 और 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं दीपलता मार्को ने महिला वर्ग में 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।बैडमिंटन प्रतियोगिता में ज्योति धुर्वे ने एकल वर्ग में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि दिलीप पाठक वर्ष 1995 से लगातार राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते आ रहे हैं। उनके अनुभव और उत्कृष्ट प्रदर्शन से अन्य प्रतिभागियों को भी प्रेरणा मिली है। जिलेवासियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ली पर्यावरण सुरक्षा की शपथ

## सेवा पर्व उत्सव के तहत जोगी टिकरिया नर्सरी में हुआ आयोजन

डिंडोरी।



मध्य प्रदेश शासन के वन विभाग के निर्देशानुसार सामान्य वन मंडल डिंडोरी द्वारा सेवा पर्व उत्सव के अंतर्गत जोगी टिकरिया नर्सरी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और उपस्थित छात्राओं को वृक्षों के महत्व से अवगत कराया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते, पूर्व भाजपा अध्यक्ष अवध राज बिलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, पूर्व विधायक दुलीचंद्र उरैती, मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, जनपद अध्यक्ष आशा धुर्वे, कलेक्टर नेहा मेराव्या, पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, वन मंडल अधिकारी पुनीत सोनकर (सामान्य), भारती ठाकरे (उत्पादन) और उपवन मंडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह जाटव सहित समस्त वन अमला एवं क्षेत्रीय स्कूली छात्राएं मौजूद रहीं।कार्यक्रम में "वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ" और "वृक्ष लगाओ, प्रकृति बचाओ" जैसे नारों के साथ पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण तैयार करने में सहायक होंगे।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू हुआ सेवा पर्व पखवाड़ा 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य जनमानस में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# शहपुरा में ग्रामीणों का सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन



शहपुरा

मेंहदवानी जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत सारंगपुर के कनेरी रैयत मोहल्ला, मुर्मी टोला और कछरा टोला के सैकड़ों ग्रामीण सड़क की बदहाली से परेशान होकर मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय शहपुरा के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि कई वर्षों से उनकी मुख्य सड़क का निर्माण अधर में लटका हुआ है, जिससे बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिना सड़क के बच्चों का स्कूल जाना, बीमारों को अस्पताल ले जाना तथा अन्य जरूरी काम करने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, "हमने बार-बार प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।" नाराज ग्रामीणों ने गुस्से में प्रशासन से तात्कालिक समाधान की मांग की और यदि जल्द ही सड़क निर्माण नहीं शुरू हुआ तो बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, अगले दिन अधिकारी ऐश्वर्य वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याएं विस्तार से सुनीं और उन्हें आश्वासन दिया। ऐश्वर्य वर्मा ने कहा, "ग्रामीणों की समस्या बेहद गंभीर है, हम इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाएंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन के इस वादे पर भरोसा जताया, लेकिन साथ ही साफ किया कि यदि वादा पूरा नहीं हुआ तो वे पुनः आंदोलन की चिंगारी जलाएंगे। स्थानीय लोग अब प्रशासन से निष्पक्ष और शीघ्र कार्यवाही की उम्मीद लगाए बैठे हैं।देखना यह है कि प्रशासन कब तक इस वादे को हकीकत में बदलता है और ग्रामीणों को वर्षों से चली आ रही परेशानी से राहत दिलाता है। सड़क निर्माण कार्य के शीघ्र आरंभ होने की प्रतीक्षा में स्थानीय जनता बेताबी से पल-ब-पल प्रशासन की कार्यवाही पर निगाहें गड़ाए हुए हैं।

# राज मिस्त्री संघ अमरपुर ने मनाया विश्वकर्मा जयंती

**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में निर्मित आदिवासी सामुदायिक भवन में राज मिस्त्री संघ अमरपुर के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित होकर विधि विधान पूर्वक पुरोहित संतोष तिवारी द्वारा पूजा पाठ उपरांत सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रामकुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष राज मिस्त्री संघ अमरपुर एवं महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर के मुख्य आतिथ्य में भगवान विश्वकर्मा की पूजन उपरांत अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में भगवान विश्वकर्मा को सबसे बड़ा इंजीनियर बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने कल्पना से ही भवन, मंदिर आदि का निर्माण किया गया हैं। जिसमें रामनगर का किला, कुकर्रामठ मंदिर जैसे निर्माण किए गए हैं। ऐसे ही हम वर्तमान विश्वकर्मा आपको ही मान रहे हैं। साथ ही यह भी अपेक्षा करते हैं कि ऐसे ही मजबूत भवन, पुल आदि का निर्माण भी करेंगे। इनके अलावा तोक सिंह मरावी, अरविंद साण्डया, राय सिंह मरकाम सरपंच घेवरी वहीं पर राज मिस्त्री संघ ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा गया कि हम मजदूर मिस्त्री का काम करते हैं। परंतु वृद्धावस्था में जीवन यापन कठिन होता हैं। संघ के सदस्यों को शासन के द्वारा पेंशन का प्रावधान होना चाहिए। जैसे महिलाओं को एवं वृद्धजनों की भांति वह भी पेंशन की अपेक्षा शासन से रखते हैं। आयोजित सभा का सफल संचार मदन यादव के द्वारा किया गया। जहां प्रमुख रूप से राजेश पाटले, राम सिंह मरावी, ईश्वर यादव, खालिद खान, जगत सिंह सैयाम, लियाकत अली, मकसूद मंसूरी, बलराम राजपूत, सुरेश मरकाम, दलसिंह धुर्वे, सुमन साण्डया सहित राज मिस्त्री संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष राम दयाल विश्वकर्मा, सचिव मुन्ना लाल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्र सिंह मरावी, वरिष्ठ सलाहकार गंधू सिंह धुर्वे, अशोक तेकाम, श्याम कुमार बर्मन, अन्तर सिंह परस्ते, सरवन यादव, सुनहर सिंह मरावी, पूरन लाल विश्वकर्मा, रामेश बर्मन, चमर सिंह धुर्वे आदि भारी संख्या में सदस्यगण मौजूद रहे।





## सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की हुई विस्तृत समीक्षा

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राज्य शासन की प्राथमिकता योजना है। प्रत्येक अधिकारी को प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से कार्यवाही करना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा शिकायतकर्ता को संतोषजनक जवाब मिलना चाहिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो शिकायतें मान्य नहीं हैं, उन्हें तत्काल फोर्स क्लोज करें, ताकि वास्तविक और प्राथमिक प्रकरणों पर तेजी से कार्यवाही संभव हो सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अधिकतर शिकायतों का निराकरण लेवल-1 पर ही करना प्राथमिकता में रखा जाए, ताकि शिकायत उच्च स्तर तक लंबित न रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन विभागों में लंबित प्रकरण अधिक हैं, वहां उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं फील्ड में जाकर शिकायतों का वास्तविक निराकरण सुनिश्चित करें। केवल औपचारिकता पूरी करने के बजाय समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जे.पी. यादव, एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्री वैद्यनाथ वासनिक, तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती, शोभायात्रा व भंडारे में उमड़ी भीड़

शहपुरा।



नगर में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में विश्वकर्मा समाज के बंधुओं ने परंपरागत रूप से भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधिविधान से पूजन-अर्चन किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा।

पूजन-अर्चन के पश्चात रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सामूहिक रूप से विश्वकर्मा समाज के लोगों ने मंदिर परिसर में बैठकर रामायण के पाठ में भागीदारी निभाई। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि विश्वकर्मा भगवान को सृष्टि का प्रथम अभियंता और वास्तु शास्त्र का जनक माना जाता है। इसी श्रद्धा भाव के साथ प्रतिवर्ष शहपुरा नगर में यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। दोपहर बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में नगर और आसपास के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने इसमें सहभागिता निभाई। मंदिर प्रांगण में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए, जिससे पूरे आयोजन स्थल पर मेले जैसा दृश्य दिखाई दिया। देर शाम भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई कन्हैया संगम मां नर्मदा तट पहुंची, जहां विधिविधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में श्रद्धालु बैंड-बाजों और भजन-कीर्तन के साथ नाचते-गाते चल रहे थे। पूरे नगर में भक्ति गीत गूंजते रहे। इस मौके पर समाज के प्रमुख पदाधिकारी सोनेलाल विश्वकर्मा, बाबू विश्वकर्मा, गिरजा कारपेंटर, मोहित कारपेंटर, बाला कारपेंटर, परसू कारपेंटर, दीपक कारपेंटर, प्रदीप विश्वकर्मा, प्रवीण विश्वकर्मा, नवीन विश्वकर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा और मनीष विश्वकर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। साथ ही नगर के अन्य सामाजिक बंधु भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और आयोजन की सफलता में सहयोग दिया। आयोजन समिति ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा का विशेष महत्व है। विश्वकर्मा जयंती पर लोग अपने औजार, मशीनें और कार्यस्थलों की पूजा करते हैं ताकि सालभर उनका कार्य सफल और बाधारहित रहे। शहपुरा नगर में भी समाज के कारीगरों ने इस परंपरा का पालन करते हुए अपने-अपने औजारों की पूजा की।समापन अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने आपसी एकता और भाईचारे पर बल दिया तथा युवाओं से समाज की प्रगति के लिए शिक्षा और कौशल पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। पूरे आयोजन में भक्तिमय वातावरण के बीच अनुशासन और शांति का विशेष ध्यान रखा गया। उपस्थित जनों ने भगवान विश्वकर्मा से नगर की खुशहाली और समाज की उन्नति की कामना की।

## जिला स्तरीय प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

# मोदीजी की सरकार का लक्ष्य हर वर्ग का उत्थान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व की मंशानुरूप 17 सितम्बर से 2 अक्टूम्बर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जिला मुख्यालय के जिला सहकारी बैंक के सामने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र सेवा को समर्पित 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ पूर्व राज्यसभा कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, महेन्द्र नागेश, जिला महामंत्री डॉ.हरगोविन्द सिंह पटैल, सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक हरिप्रताप ममार की गरिमामय उपस्थिति में हुआ।

### सरकार का लक्ष्य हर वर्ग का उत्थान

उपस्थित जनों ने मोदीजी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मोदी जी की सरकार विगत 11 वर्षों से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। मोदीजी की सरकार का लक्ष्य हर वर्ग का उत्थान कर उसे आत्मनिर्भर बनाने का है जिससे आत्मनिर्भर व विकसित भारत का निर्माण हो सके पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा जनता के हित कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए है जिसे राष्ट्र की जनता महसूस कर रही है। यह प्रदर्शनी निश्चित रूप से मोदी जी की राष्ट्र सेवा को समर्पित संघर्षमय जीवन देश के युवाओं के लिए प्रेरक दर्पण है जो वर्तमान पीढी व आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा के संकल्प हेतु प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि उपस्थित जनों का आभार प्रदर्शनी प्रभारी मनीष ठाकुर ने किया इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, गण मंडल अध्यक्ष गण, जनप्रतिनिधि गण एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



### पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी



पर्यावरण संरक्षण हमारे समय की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियां में से एक है। हमें अपने ग्रह को बचाने के लिए और भविष्य की पीढ़ियां के लिए एक स्वस्थ और सुंदर वातावरण सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना होगा। वायु, जल और मिट्टी के प्रदूषण से हमारे स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र को खतरा है, पेड़ पौधे वायु को शुद्ध करने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन को कम करने में भी मदद करते हैं। पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करके बड़ा प्रभाव डालना होगा। इस महत्वपूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति को ध्यान में रखते हुए आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर चाणक्य विद्यापीठ परिवार के सदस्यों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पौधों को संरक्षित करने हेतु शपथ ली गई।

### स्वच्छता अभियान अंतर्गत रैली का आयोजन



आयुक्त उच्च शिक्षा म.प्र. शासन भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में आज प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह के मार्गदर्शन एवं एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश कुमार ठाकुर के निर्देशन में एन.सी.सी. केड्रेट्स के द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत केडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया प्राचार्य द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाई गई उक्त रैली महाविद्यालय परिसर से रवाना होकर मुख्य मार्गो से होती हुई नगरपालिका चैराहे से वापिस महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। तत्पश्चात परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा एवं महात्मा गांधी जी की प्रतिमा की धुलाई एवं साफ-सफाई का कार्यक्रम सम्पन्न कर माल्यार्पण किया गया। इसी तारतम्य में शैक्षणिक संस्थानों के अंतर्गत परिसर की साफ-सफाई केडेट्स द्वारा की गयी स्वच्छता का संदेश समाज तक पहुंचाने का कार्य एन.सी.सी. केडेट्स द्वारा नारों हर व्यक्ति का एक ही सपना, स्वच्छ बनाये भारत अपना एवं ष्सभी लोगों की एक ही दवाई, घर में रखो साफ-सफाई के माध्यम से किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. एस. के. उप्रेलिया, सीनियर अंडर अफसर संतोष संदेले, दीपक धानक तथा जनभागीदारी कर्मचारी अजय नौरिया का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। उक्त कार्यक्रम में एन. सी. सी. केडेट्स की उपस्थिति सराहनीय रही।

## खबर संक्षेप

### राज्य टीम द्वारा सीएससी केंद्रों का निरीक्षण



**तेंदूखेड़ा।** कॉमन सर्विस सेंटरों में राज्य कार्यालय से परियोजना प्रंबधक संकल्प सोनी के द्वारा सीएससी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया तथा सीएससी वीएलई को सीएससी के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही सर्विस के बारे में विस्तार से ट्रेनिंग भी दी गई। उपरोक्त निरीक्षण के दौरान सीएससी संचालकों के सेंटरों की व्यवस्थाएं संचालन एवं समस्याएं भी देखी सुनी गई। कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ग्राम एवं शहरी स्तर पर केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा जनहितैषी सेवाएं आधार सेवाएं बैंकिंग सेवाएं टेली लॉ एजुकेशन सर्विस फसल बीमा जैसी सेवाएं आमजनों को प्रदान की जाती है। सीएससी केंद्रों के माध्यम से आज ग्रामीणजनों को घर बैठे या उनके ही क्षेत्रों में उपलब्ध करवाई जा रही है।

### अपहरण एवं लूट के आरोपियों को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय पंचम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वैभव सक्सेना द्वारा सत्र प्रकरण क. 103/25 बनाम शमीम वगैरह में निर्णय पारित करते हुये आरोपीगण शमीम मेव, हाशम मेव निवासी अटेरा जिला नूह हरियाणा तथा मुकीब मेव निवासी ग्वालदा जिला अलवर राजस्थान को लूट व अपहरण का दोषी पाते हुये धारा 140 (3) बीएनएस में 05-05 वर्ष के सश्रम कारावास तथा धारा 309 (4) (6) बीएनएस में 07-07 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया है। मामले में आई साक्ष्य तथा प्रस्तुत दस्तावेजों पर विचारण के बाद न्यायालय ने आरोपीगण को दोषी मानते हुये 07-07 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक धर्मेन्द्र ममार ने पैरवी की।

### डूबने से तीन वर्षीय मासूम की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के करेली स्थित बस्ती मोहल्ले में गुरुवार की दोपहर एक तीन वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से मौत हो गई। खेलते-खेलते घर से निकले बच्चे को परिजन मोहल्ले में खोजते रहे, लेकिन कुछ देर बाद उसकी लाश तालाब से निकलने की खबर मिली। जानकारी के अनुसार करेली बस्ती निवासी संतोष जाटव का बड़ा बेटा संस्कार उम्र 3 वर्ष गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे घर से बाहर निकला था।जब परिजनों ने उसे खोजा तो पहले मोहल्ले में तलाश की, लेकिन नहीं मिला। इस दौरान रास्ते में परिचित दिनेश विश्वकर्मा ने बताया कि संस्कार तालाब में डूब गया था और उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है। परिजन तत्काल करेली अस्पताल पहुंचे,जहां प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को नरसिंहपुर रेफर किया गया। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने संस्कार को मृत घोषित कर दिया। पिता संतोष ने बताया कि बेटा अकेला ही तालाब की ओर गया था और उसके साथ अन्य किसी बच्चे के होने की जानकारी नहीं मिली है। अस्पताल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीणों ने शराब की अवैध बिक्री पर की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज। नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के अम्हेटा गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती आवेदन सौंपते हुए, गांव में चल रही शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब कारोबार के कारण गांव का शांतिपूर्ण माहौल बिगड़ रहा है। ग्राम पंचायत अम्हेटा के पिपरिया गांव में सत्यम चढार द्वारा अवैध रूप से शराब बेचे जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। उन्होंने कहा कि इस वजह से न केवल माहौल खराब हो रहा है,बल्कि सामाजिक ताना-बाना भी प्रभावित हो रहा है।ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर,अवैध कारोबार को बंद कराया जाए। आवेदन सरपंच के लेटर हेड पर दिया गया।

## सड़क निर्माण की मांग, ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम दिया आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले की करेली तहसील के अंतर्गत पान निवारी ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले झिरी टोला के ग्रामीणों ने गुरुवार को कलेक्टर के नाम मांगपत्र डिप्टी कलेक्टर मनोज चैरसिया को सौंपकर सड़क निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी वे दलदल और कीचड़ भरे रास्तों से होकर गुजरने को मजबूर हैं,जिससे बरसात के दिनों में भारी परेशानी होती है।ग्रामीणों का कहना है कि झिरी हार टोला, ग्राम पंचायत निवारी पान, तहसील करेली के लगभग 168 लोग यहाँ निवासरत हैं, जिनमें 68 परिवार और 58 बच्चे शामिल हैं। गांव के करीब 50 बच्चे रोजाना स्कूल-कॉलेज आते-जाते हैं, जिन्हें कीचड़ वाले रास्तों से गुजरना पड़ता है। बरसात में किसी ग्रामीण की तबीयत खराब हो जाने पर मरीज को अस्पताल तक ले जाना सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर करीब 46 मकान बने हुए हैं। उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत में गुहार लगाई,लेकिन अब तक किसी तरह की सुनवाई नहीं हुई। कलेक्टर को दिए आवेदन में ग्रामीणों ने निवेदन किया है कि दुल्लावारी टोला से बड़ी नहर तक लगभग 2 किलोमीटर लंबे बड़ा गोहा मार्ग पर सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि बच्चों की शिक्षा और ग्रामीणों की आवाजाही सुगम हो सके। ज्ञापन देने आये ग्रामीणों में नीरज चैरसिया, सीताराम यादव, महेश चैरसिया, शनि ठाकुर, नन्दलाल चैरसिया, हरिनारायण, भगवानदास, वृजमोहन, अर्पित सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## 101 व्यक्तियों ने किया रक्तदान 238 लोग हुए स्वास्थ्य शिविर से लाभान्वित



**गोटेगांव** विगत दिवस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर भाजपाईयों ने सेवा पर्व के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन भारतीय जनता पर्टी जिला नरसिंहपुर, मनिनागेन्द्रसिंह फाउंडेशन गोटेगाव एवं सहयोग क्रीडा मंडल रोटेगांव के सहयोग से किया गया। शिविर में 238 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा 101 लोगे ने रक्तदान किया। विशेष बात यह रही कि रक्तदान में महिलाओं ने भी बड़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेलेन पुष्ण लाता पटेल, प्रतिक्षा पटेल में युकओं और महिलाओं के अथाह की सराहना करते हुए कहा देश सेवा की सड़ती भावना देखकर सुखद अनुभव हुआ। रक्तदाताओं और अस्पताल स्टाफ का आभार!

## विकास खंड स्तरीय दिव्यांग शिविर का आयोजन

**गोटेगांव** विगतदिवस जनपद पंचायत गोटेगांव सभागार में कार्यालय उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण नरसिंहपुर के द्वारा विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग विद्यार्थियों की पहचान कर **UDID** कार्ड हेतु शिविर का आयोजन किया गया i विकासखंड गोटेगांव में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे 45 छात्रों का चयन किया गया था जिनके **UDID** कार्ड नहीं है या उनकी वैधता समाप्त हो चुकी हैं, शिविर में 42 बच्चों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर **UDID** कार्ड हेतु रजिस्ट्रेशन भी कराया, शिविर में डॉक्टरों की टीम में नेत्र विशेषज्ञ की अनुपलब्धता के कारण दृष्टिबाधित बच्चों का परीक्षण नहीं हो सका ।



## सिलावट समाज ने मनाई विश्वकर्मा जयंती



**गोटेगांव** विगत दिवस सिलावट समाज संगठन मध्यप्रदेश द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती का भव्य आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा को रोरी तिलक लगाकर पुष्प हार अर्पित कर पूजन अर्चन के उपरांत आयोजन स्थल नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम ग्राउंड से रैली प्रारंभ की गई जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए ठाकुर बाबा मंदिर, भगतराम चौक, खरया पेट्रोल पंप, फुव्वारा चौक, अलका टॉकीज, रिपटा कॉम्प्लेक्स होते हुए बैलहाई से पुनः स्टेडियम पहुंचकर सम्पन्न हुई। जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया और जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह विधायक महेंद्र नागेश उपस्थित मिनी स्टेडियम परिसर में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल एवं विधायक महेंद्र नागेश का ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया गया। अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा के तैलचित्र का पूजन कर स्व. मणिनागेन्द्र सिंह मोनू भैया को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक श्री नागेश ने आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए रचित भगवान विश्वकर्मा जी के विचारों पर प्रकाश डाला i समारोह में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित समारोह में समाज के प्रतिभावान बच्चों कक्षा 5वीं 12वीं तक, प्रतियोगिता विजेताओं, शिल्पकार राजमिस्त्रियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रशस्ति पत्र व पदक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान परम सिंग सिलावट, रंजीत पिपरोलिया, देवी सिंह परसवार सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे।

## वेदों के आगे विज्ञान नतमस्तक हो जाता है



### कथा के दौरान पं विपिन बिहारी ने बताये तौर तरीके

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा के चौधरी गार्डन परिसर में पं विपिन बिहारी जी महाराज की श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन चल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रोता पहुंच रहें हैं। पांचवें दिन की कथा में भगवान योगेश्वर श्रीकृष्ण जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर कथा व्यास ने बताया कि भगवान बाल कृष्ण नंद बाबा के यहां 11 साल 56 दिन रहें हैं नंद बाबा और यशोदा पूर्व में एक साधारण ब्राह्मण और ब्राह्मणी थे। उनके घर पर कोई व्यक्ति पहुंचता था बगैर भोजन के खाली नहीं आता था।जब उनके घर में कुछ खाने को नहीं बचा था तब एक संत उनके यहां एकादशी के दिन पहुंचे थे। उस वक्त ब्राह्मण कहीं बाहर गये हुये थे। ब्राह्मणी अकेली थी और उनका बेटा जो जिसने सात दिन से कुछ नहीं खाया था वह भूख के कारण बेहोश पड़ा हुआ था उस वक्त संत ने एक गिलास काली गाय का दूध पीने के लिए मांगा था। ब्राह्मणी इसी 11 साल 56दिन के बेहोश बालक को गांव में बेचकर एक गिलास काली गाय का दूध लेकर आई थी। और संत को दूध देते हुए उसकी आंखों से आंसू टपक रहे थे तब संत ने कहा कि आप क्यों रो रही हो तब ब्राह्मणी ने पूरा घटनाक्रम बताया तब संत ने कहा था कि तुम्हारे दानबीरता के चलते एक दिन भगवान तुम्हारे घर आंगन में 11 साल 56 दिन तक रहेंगे। कथा व्यास ने गाय के दूध की शक्ति तुलसी पौधे की शक्ति और विभिन्न विन्दुओ पर विस्तार से चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि हमारे वेद उपनिषद के सामने आज का विज्ञान भी नतमस्तक है।गौ माता को घी लगाकर रोटी को गुड़ के साथ खिलाने के फायदे मंदिर में जाकर घी की फूल वत्ती जलाकर रखने के फायदे उन्होंने कंस के पांच गुनाह बताये ।

## वीपी एम यू की बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** विकासखंड चांवरपाठा की वी पी एम यू की बैठक जनपद शिक्षा केंद्र में की गई। जिसमें बी आर सी सुनील श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न योजनाओं के सुचारू संचालन हेतु उपस्थित जनशिक्षकों से निर्धारित एजेंडे पर बिंदुवार समीक्षा की गई। बच्चों के ट्रांजिशन लॉस एजुकेशन पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेशन यू डाइस पोर्टल पर शाला प्रोफाइल टीचर प्रोफाइल तथा बच्चों की जीपी ईपी,एवं एफपी प्रोफाइल पूर्ण करने ड्रॉप बॉक्स में लंबित बच्चों की शालावार समीक्षा गणवेश वितरण में शेष बच्चों के बैंक खाते समय सीमा में अपडेट करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त सायकिल वितरण तथा चाइल्ड ट्रेकिंग एप पार्ट बी पूर्ण करने हेतु बच्चों की वास्तविक स्थिति अनुसार पोर्टल पर फीडिंग की ग्रामवार जानकारी ली गई। अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बच्चों का शतप्रतिशत नामांकन पूर्ण करने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पी एम पोषण पर डेली एस एम एस करने स्वच्छ हरित विद्यालय रजिस्ट्रेशन एक पेड़ मां के नाम योजनांतर्गत अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं इंस्पायर अवार्ड योजना में पंजीयन के साथ नवभारत साक्षरता परीक्षा आयोजन की तैयारी की समीक्षा की गई। सभी जनशिक्षकों एवं प्रधानपाठको को निर्देशित किया गया है कि आगामी 20 सितम्बर को होने वाली नवभारत साक्षरता परीक्षा में अधिक से अधिक नव साक्षर परीक्षा में समलित हो।

### दर्दनाक सड़क हादसे में दो की मौत, एक गंभीर

**गोटेगांव** विगत दिवस दिन बुधवार को समीपवर्ती ग्राम बगासपुर के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। तेज रफ्तार मालवाहक और मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई भिड़ंत में तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए थे। लेकिन घटना के कुछ समय पश्चात ही हादसे में मोटरसाइकिल सवार उदय राज पटेल निवासी खमरिया की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राहुल यादव और उनकी पत्नी सीमा यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूदा ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को एम्बुलेंस से गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उदयराज को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल राहुल और सीमा यादव को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया, लेकिन राहुल यादव ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। भीषण टक्कर में राहुल यादव का दायां हाथ पूरी तरह छत-विक्षत हो गया था। उदयराज के सीने में गंभीर अंदरुनी चोट होने की जानकारी सामने आई।

#### गर्भवती महिला की हालत भी गंभीर घटना में घायल महिला

सीमा यादव गर्भवती हैं। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई और उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों की देखरेख में उन्हें जबलपुर रेफर किया गया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके और अस्पताल पहुंच गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मालवाहक और मोटरसाइकिल दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।मवेशियों को बचाने में हुआ सड़क हादसा- ग्रामीणों का कहना है कि मालवाहक तेज रफ्तार में था और सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

## प्रधानमंत्री मोदी के 75 वें जन्मदिवस पर किया पौधारोपण




### महिला मोर्चा का पर्यावरण के प्रति संरक्षण की ओर अनूठी पहल

**गोटेगांव।** ग्रामीण मंडल भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र गाड़ाघाट में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोनम यादव मौजूद रहीं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों सहित भाजपा की मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रही। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार वितरित किया गया। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा आर्य ने कहा कि गर्भवती माताओं को पोषण के लिए फल, हरी सब्जियां, दूध, अंकुरित अनाज, मूंग, चना, मूंगफली आदि का सेवन करना चाहिए। छोटे बच्चों को पौष्टिक आहार एवं अच्छे संस्कार देना आवश्यक है ताकि वे भविष्य में भारत माता की सेवा कर सकें। इस मौके पर पतंजलि के जिला प्रभारी राघवेंद्र आर्य, देवनाथ पटेल एवं मातृशक्ति रीनू पटेल, निशा नारोजिया, रेवती, भागवती, निशा, शिवकुमारी, श्रद्धा, उमा आदि उपस्थित रहीं।

## पिकअप ने बाइक चालक को मारी टक्कर, बाइक सवार घायल

### घायल युवक को इलाज के दौरान जबलपुर रेफर

**गोटेगांव।** क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए बाइक चालाक अपने आप को अब सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं। आए दिन बड़े वाहन बाइक चालकों को कुचलकर लहूलुहान कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वीते दिवस जबलपुर मार्ग की ओर से गोटेगांव की तरफ आ रही मालवाहक पिकअप वाहन महिंद्रा MP 20.ZR.0357 ने गोटेगांव की तरफ की आ रहे बाइक चालक को जोरदार टक्कर मारकर लहूलुहान कर दिया घटना में बाइक चालक नेखराज राजपूत पिता हाकम सिंह राजपूत उम्र 42 वर्षीय एवं बाइक सवार सपना राजपूत पिता संतोष सिंह राजपूत 50 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से शाहपुरा के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया जहां गंभीर अवस्था होने के कारण पीड़ितों को इलाज के लिए जबलपुर रेफर कर दिया है वहीं इस मामले को लेकर पुलिस मामले की कार्यवाही कर रही है।

